प्रेस विज्ञप्ति

आप्रवासी महिलाओं के लिए रोज़गार बाधाओं को दूर करना

08 मार्च, 2023

अल्बर्टा और कनाडा की सरकारें प्रांत में बढ़ते लाइसेंस प्राप्त बाल देखभाल यानी चाइल्ड केयर सेक्टर में आप्रवासी महिलाओं के लिए नौकरियों तक पहुंच को बढ़ा रही हैं।

अल्बर्टा वासी माता-पिता फिर से काम करना शुरू कर सकें और प्रांत के आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकें, इन बातों को सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित, बेहतर गुणवत्ता और अफॉर्डेबल बाल देखभाल तक पहुंच बेहद महत्वपूर्ण है। 2026 तक कुल 68,700 नए लाइसेंस प्राप्त बाल-देखभाल वाले स्थलों (स्पेसेज़) के सृजन की वचनबद्धता के साथ, इन स्थलों को पूरी तरह से कर्मचारियों से लैस करने के लिए 9,000 नए प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षकों की ज़रूरत पड़ेगी।

अल्बर्टा की सरकार कैलगरी इमिग्रेंट विमेन्स एसोसिएशन (Calgary Immigrant Women's Association) के साथ एक प्रायोगिक परियोजना के लिए $1.4 मिलियन से अधिक का निवेश करने के लिए संघीय सरकार के साथ साझेदारी कर रही है ताकि प्रमाणित प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षकों के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने या विकास करने के लिए आप्रवासी महिलाओं की सहायता की जा सके। प्रायोगिक परियोजना का डिज़ाइन उत्तर-माध्यमिक (पोस्ट-सेकंडरी) प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षा और अन्य अनिवार्य रोजगार-पूर्व प्रशिक्षण तक पहुंच प्राप्त करने या उसे पूरा करने में आने वाली बाधाओं को दूर करने तथा पहुंच में सुधार करने के लिए तैयार किया गया है।

प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षा के संबंध में विविध समुदायों और पृष्ठभूमियों की महिलाओं को प्रशिक्षित करके, यह परियोजना माता-पिता के लिए बाल-देखभाल के ऐसे विकल्प बढ़ा देगी, जो उनके बच्चों के सांस्कृतिक, भाषाई और सीखने की ज़रूरतों की कसौटी पर खरे उतरते हों।

संबंधित जानकारी

मल्टीमीडिया

[न्यूज़ कॉन्फ्रेंस को सुनें](#)
[न्यूज़ कॉन्फ्रेंस देखें](#)

मीडिया पूछताछ

चिनेन्ये अनूकवुरू
Chinenye.Anokwuru@gov.ab.ca)
780-720-1915
सीनियर प्रेस सेक्रेटी, चिल्ड्रन्स सर्विसेज़

यह प्रायोगिक परियोजना बो वैली कॉलेज (Bow Val l ey Col l ege) के साथ साझेदारी में की जा रही है, जो छात्र की भाषा और साक्षरता स्तर के आधार पर तीन ऑनलाइन स्ट्रीम्स में लेवल 1 तथा लेवल 2 प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षक प्रशिक्षण उपलब्ध कराता है।

इसका डिज़ाइन आप्रवासी महिलाओं के लिए श्रम बाज़ार तक बाधा-रहित पहुंच प्रदान करने में सपोर्ट के लिए तैयार किया गया है, और उनको ऐसे करियर में शामिल किया जा सके जिनसे अल्बर्टा की अर्थव्यवस्था तथा अल्बर्टा के लाइसेंस प्राप्त बाल देखभाल सेक्टर को मजबूती मिलेगी।

लगभग 230 आप्रवासी महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और इसमें वर्चुअल डिलीवरी मॉडल का उपयोग किया जाता है ताकि छात्र अपनी व्यक्तिगत ज़रूरतों के मुताबिक खास प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। प्रायोगिक परियोजना क्लाइंट्स के लिए जॉब प्लेसमेंट सेवाओं को भी सपोर्ट करेगी।

इस प्रायोगिक परियोजना का वित्त-पोषण अल्बर्टा-कनाडा कनाडा वाइड अर्ली लर्निंग एंड चाइल्ड केयर (ACELCC) एग्रीमेंट के ज़रिए किया गया है,और यह परियोजना उन अनेक कार्रवाईयों में से एक है जिसके माध्यम से उत्तर-माध्यमिक प्रारम्भिक बाल्यवस्था शिक्षा कार्यक्रमों तक संवर्धित पहुंच तथा उन्हें पूरा करने के लिए सपोर्ट प्रदान किया जाएगा, और अल्बर्टा की बाल-देखभाल प्रणाली के विकास को सपोर्ट करने के लिए प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षकों को आकर्षित करने, बनाए रखने, प्रशिक्षित करने तथा प्रमाणित करने में मदद मिलेगी।

संक्षिप्त तथ्य

- $3.8 बिलियन अल्बर्टा-कनाडा अर्ली लर्निंग एंड चाइल्ड केयर (ACELCC) एग्रीमेंट के एक हिस्से के तौर पर चाइल्ड केयर ऑपरेटरों को और अधिक प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षकों को काम पर रखने और पूरे प्रांत में पहले से ही कार्यरत लोगों को काम पर बनाए रखने में मदद करने के लिए पांच वर्षों में लगभग $300 मिलियन आवंटित किए गए हैं।
- पूरे कनाडा के लिए किए गए समझौते के एक हिस्से के रूप में, अल्बर्टा ने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है कि अल्बर्टा में बाल देखभाल विविध समुदायों और हमारे प्रांत की विशिष्ट ज़रूरतों को दर्शाए।

    - $1.4 मिलियन के अनुदान का वित्त-पोषण, अल्बर्टा-कनाडा कनाडा-वाइड अर्ली लर्निंग एंड चाइल्ड केयर एग्रीमेंट के इन्क्लूज़न पिलर के माध्यम से किया जाएगा।

- लाइसेंस प्राप्त बाल देखभाल स्थलों में कर्मचारियों को आकर्षित करने और उन्हें वहां बनाए रखने में मदद के लिए, अल्बर्टा की सरकार ने:
    - फ्री लेवल 1 बाल देखभाल ओरिऐन्टेशन पाठ्यक्रम के लिए नामांकन क्षमता को 4000 से बढ़ाकर 10,000 स्थलों यानी स्पेसेज़ तक कर दिया है।
    - प्रमाणन स्तर (लेवल 1 के लिए $0.50 , लेवल 2 के लिए $1, और लेवल 3 के लिए $2) पर निर्भर करते हुए, वेज टॉप-अप्स को $2 तक बढ़ा दिया गया है।

  अल्बर्टा 2026 तक, अल्बर्टा-कनाडा कनाडा-वाइड अर्ली लर्निंग एंड चाइल्ड केयर एग्रीमेंट में व्यक्त प्रतिबद्धता यानी लाइसेंस प्राप्त बाल देखभाल के लिए बाल देखभाल शुल्क को औसतन $10 प्रति दिन तक कम करने कि दिशा में अग्रसर है।